(41)

# शैक्षणिक सत्र - 2019-20

## IQAC की बैठक

आज दिनाँक 10.07.19 दिन बुधवार को महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक दोपहर 3.30 से हो रही है। बैठक की कार्यवाही विवरण बिन्दुवार निम्नानुसार है —

(1) सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि नैक मूल्यांकन के लिए IQAC की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है। समन्वयक श्री ए. के. श्रीवास्तव ने बैठक के एजेंडा की जानकारी दी।

(2) शैक्षणिक सत्र 2019-20 में प्रवेश कार्य अन्तर्गत ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। प्रवेश समिति शासन द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका के अनुसार प्रवेश कार्य करेगी तथा समय समय पर प्राचार्य महोदय को प्रवेश कार्य की प्रगति से अवगत करायेंगी। छात्र/छात्राओं को प्रवेश कार्य को सुविधाजनक बनाने के लिए शीघ्र ही "हेल्पडेस्क" बनाये जाने का निर्णय लिया गया जिसके प्रभारी श्री डी.एल. वर्मा सहा० प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) होंगे।

(3) बैठक में IQAC प्रभारी/समन्वयक श्री ए.के. श्रीवास्तव ने पिछली बैठक का विवरण सुनाया। इसके बाद प्राचार्य महोदय द्वारा पिछली बैठक में लिए गये निर्णयों के क्रियान्वयन की बिन्दुवार समीक्षा की गई।

(4) बैठक में पाठ्येत्तर गतिविधियों के संचालन एवं महा. की अनुशासन व्यवस्था बनाये रहने हेतु

(42)

प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी विभिन्न समितियों के गठन का निर्णय लिया गया। बैठक में ग्रेड मूल्यांकन के लिए कार्यालयीन मूल्यांकन की जानकारी की आवश्यकता होगी। इसे ध्यान रखते हुए कार्यालयीन रिकार्ड को अपडेट करने के लिए महा० के सहा० ग्रेड-दो श्री आर. के. मरकाम को निर्देशित किया गया।

(5) समिति ने महा० के ग्रेड मूल्यांकन के लिए विभिन्न विभागों में अभिलेखों के रख रखाव और सम्पूर्ण कार्य " विषय पर महा० के शैक्षणिक तथा गैरशैक्षणिक स्टाफ की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया।

(6) छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2019-20 के लिए शैक्षणिक कैलेण्डर जारी किया गया है। उसके अनुरूप महा० में मूल्यांकन एवं मूल्यांकन कार्य एवं अन्य गतिविधियां सफलता पूर्वक सम्पादित करने की रूपरेखा तैयार किये जाने का निर्णय लिया गया। आगामी माह में रोजगार मार्गदर्शन के लिए कार्यशाला आयोजन का निर्णय लिया गया।

(7) बैठक में महा० के website में उपलब्ध जानकारी को अपर्याप्त बताकर असंतोष व्यक्त किया गया। तथा इसे कम्प्यूटर ऑपरेटर को अपडेट करने की कार्यवाही शीघ्र किये जाने का निर्देश देने का निर्णय लिया गया।

बैठक के अन्त में समन्वयक श्री पी.के. श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया, तथा आज की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे।

(1) श्रीमति अनीता पौषार्क -

(2) श्री टी. एल. वर्मा -

(3) श्री डी. पी. सिन्हा - D. P. Sinha

(4) श्री त्रिदेव प्रजापति - त्रिदेव

(5) श्री यार. के. महोबे -

(6) श्री डी. एल. साव -

(7) सुश्री विनिता जांघेल -

(8) सुश्री सबीना खान -

( श्री ए. के. श्रीवास्तव )
IQAC समन्वयक
IQAC Co-Ordinator
Late Shri Devi Prasad ji choubey
Government college GANDAI
Distt.-Rajnandgaon (C.G.)

10-7-19
( डॉ. एम. एल. वर्मा )
प्राचार्य
Principal
Late Shri Devi Prasad Ji Choubey
Govt. College Gandai
Distt.-Rajnandgaon [C.G.]

# IQAC की बैठक

आज दिनांक 4.10.19 के दिन शुक्रवार को प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई है। बैठक आरम्भ होने का समय दोपहर 3.30 बजे से है। इस बैठक की कार्यवाही विवरण निम्न प्रकार से है।

(1) सर्वप्रथम आज के बैठक में प्राचार्य महोदय द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए महा० में चालू सत्र में नैक मूल्यांकन हेतु लिए क्रमबद्ध तरीके से तैयारी करने का निर्देश दिया। IQAC के संबंध में श्री ए.के. श्रीवास्तव द्वारा आज के बैठक का एजेण्डा बताया।

(2) बैठक में विगत बैठक में लिए गये निर्णयों पर किये गये कार्यों की समीक्षा की गई तथा संतोष व्यक्त किया गया। कुछ कार्यों में अतिरिक्त प्रयास की आवश्यकता महसूस की गई।

(3) शासन से प्राप्त निर्देशानुसार इस वर्ष भी छात्र संघ का गठन 30.9.19 को मेरिट के आधार पर मनोनयन कर दिया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व कक्षा प्रतिनिधियों को प्राचार्य महोदय द्वारा बधाई दी गई। छात्र संघ गठन का कार्य त्रुटिरहित पूर्ण होने पर प्राचार्य महोदय ने प्रसन्नता व्यक्त की।

(4) सेक्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन के लिए शास० दिग्विजय स्नात० महा० राजनांदगाँव की बैठक में सेक्टर स्तरीय खो-खो (युवक)

प्रतियोगिता के आयोजन महाविद्यालय मं.स्था० को शोध हुआ। आयोजन की संभावित 05.11.2019 है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति बनाकर आवश्यक तैयारी करने का निर्देश प्राचार्य महोदय ने क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती केनोता पोखारी को दिया।

(5) महाविद्यालय में खेल सुविधा बढ़ाने के लिए म.स्था०भवन के सामने खाली पड़ी भूमि का समतलीकरण कर खेल मैदान विकसित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए समय-समय पर लोक निर्माण विभाग, ~~कुईखदान~~ कुईखदान / खैरागढ़ से पत्राचार किया जाय।

(6) बैठक में व्याख्यान के दौरान कक्षाओं में मोबाइल फोन के उपयोग को पूरी तरह से प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया।

(7) कार्यालयीन कार्यों की आवश्यकता को ध्यान रखते हुए दो नग कम्प्युटर खरीदने का निर्णय लिया गया।

(8) आगामी माह में रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा Carrier workshop आयोजन का निर्णय लिया गया। इसी तरह राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा "एक्यूप्रेशर पद्धति तथा थेरेपी" तथा क्रीड़ा विभाग द्वारा "Heatful Relexation and Meditation" विषय पर ~~कोई~~ 1-3 दिवसीय कार्यशाला आयोजन का निर्णय लिया गया।

(9) महाविद्यालय में आकस्मिक विकास शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि के लिए आपसी सहयोग एवं समन्वय (MOU) हेतु शास० नेहरू स्नात० महा० डोंगरगढ़ को

PAGE :
Date :

सहमति हेतु पत्र लिखे जाने का निर्णय लिया गया।

(10) महाविद्यालय के पुस्तकालय में पुस्तकों की सुविधा बढ़ाने के लिए शासन से अतिरिक्त बजट की मांग करने तथा बजट प्राप्ति पर शीघ्र पुस्तके क्रय करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए प्राचार्य महोदय द्वारा विभागवार आवश्यक पुस्तकों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया।

(11) बैठक में यह निर्णय लिया गया कि छात्रवृत्ति गतिविधि और पुरस्कार वितरण आकदमिक कैलेंडर में निर्धारित तिथि को सम्पन्न कराया जाये।

(12) बैठक में क्रीड़ा अधिकारी ने सूचित किया कि पिछले वर्ष कु० कुलेश्वरी नेताम बी.ए. II ने ऑल इंडिया अन्तर विश्वविद्यालय क्रास कंट्री एथलेटिक्स में एवं कु० सीमा यादव M.A. I ने ऑल इंडिया अन्तर विश्वविद्यालय क्रास कंट्री प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व का किया। प्राचार्य महोदय द्वारा क्रीड़ा अधिकारी एवं दोनों छात्राओं को इसके उपलब्धि के लिए बधाई दी।

बैठक के अन्त में समन्वयक श्री ए. के. शिवाकर द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे।

(1) श्रीमति अनीता पोर्ते — [signature]

(2) श्री टी. एल. वर्मा — [signature]

(3) श्री डी. जी. सिन्हा — [signature]

(4) श्री विवेक प्रजापति — [signature]

(5) श्री चन्द्रशेखर रूपाव — [signature]

(6) सुश्री निकिता गंधेल — [signature]

(7) श्री आर. के. महोबे — [signature]

(8) श्री डी. एल. साव — [signature]

(9) सुश्री सकीना खान — Skhan

(10) श्री यशवंत कुंजाम — [signature]

[signature]
(श्री एम. के. श्रीवास्तव)
IQAC समन्वयक
IQAC Co- Ordinator
Late Shri Devi Prasad ji choubey
Government college GANDAI
Distt. Rajnandgaon (C.G.)

[signature]
(डॉ. एन. एल. वर्मा)
Principal
Late Shri Devi Prasad Ji Choubey
Govt. College Gandai
Distt.-Rajnandgaon [C.G.]

# IQAC की बैठक

आज दिनांक 23.01.2020 दिन शुक्रवार को प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक आयोजित की गई। बैठक आरम्भ होने का समय दोपहर 3.30 बजे से है। इस बैठक की कार्यवाही विवरण इस प्रकार है।

(1) सर्वप्रथम आज के बैठक में प्राचार्य महोदय द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए नैक मूल्यांकन हेतु तैयारी के लिए अति गंभीर प्रयास करने पर जोर दिया, तथा समन्वयक श्री ए. के. श्रीवास्तव ने आज के बैठक के एजेंडा की जानकारी दी।

(2) बैठक में पूर्व में लिए गये निर्णयों एवं कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकांश कार्य सम्पन्न होने पर संतोष व्यक्त किया गया किन्तु महा. के Website में आवश्यक सुधार अब भी अपेक्षित है। इसके लिए प्राचार्य महोदय द्वारा सभी विभाग की जानकारी एकत्रित कर तथा कार्यालयीन रिकार्ड अपडेट कर Website में अपलोड करने का निर्देश कम्प्यूटर ऑपरेटर को दिया गया।

(3) बैठक में इस सत्र के अब तक के अध्यापन कार्य की समीक्षा की गई तथा प्राचार्य महोदय द्वारा सभी प्राध्यापकों से आगामी मार्च / अप्रैल में वार्षिक परीक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी विषयों के पाठ्य

को अध्यापक 28 फरवरी तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

(4) बैठक में विश्वविद्यालय से प्रायोगिक विषयों के प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के लिए जैसे ही बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति की सूचना प्राप्त होती है तब जल्द से जल्द सभी प्रायोगिक परीक्षाएं करवाकर अंक विश्वविद्यालय के website पर अपलोड कर हार्डकॉपी भेजे जाने का निर्णय लिया गया ताकि वार्षिक परीक्षा ~~परिणाम~~ परिणाम में कोई विलंब न हो।

(5) बैठक में आगामी मार्च अप्रैल 2020 में आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षा की तैयारी पर भी चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी निरीक्षण कार्य हेतु स्थानीय तथा निकट के गांवों में स्थित विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को इस हेतु आमंत्रित किया जावे। वार्षिक परीक्षा के बेहतर संचालन के लिए इस बार दो सप्ताह के निरीक्षण कार्य की रूपरेखा अग्रिम में तैयार करने का निर्देश प्राचार्य महोदय ने निर्देश दिया गया।

(6) बैठक में निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय में पेयजल के लिए उपयोग का नया पानी टंकी क्रय करने का निर्णय लिया गया।

(7) वार्षिक ~~स्नेह~~ सम्मेलन के लिए निर्णय लिया गया कि ~~छ~~ छात्र/छात्राओं की बैठक कर वार्षिक उत्सव इस माह के अंत तक सम्पन्न कराया जावे।

(50)

बैठक के अन्त में समन्वयक श्री ए.के. श्रीवास्तव द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित थे।

(1) श्रीमति अनीता पौषार्य – [signature]

(2) श्री टी एल वर्मा – [signature]

(3) श्री डी. जी. सिन्हा – [signature]

(4) श्री त्रिदेव प्रजापति – त्रिदेव

(5) श्री चन्द्रशेखर भूपाल – [signature]

(6) सुश्री निकिता जंघेल – [signature]

(7) श्री आर० के० महोबे – [signature]

(8) श्री के० एल० साव – [signature]

(9) सुश्री सबीना खान – S.khan

(10) श्री यतीश कुंजाम – Y.Kunjam

A. Srivastava
(श्री ए०के० श्रीवास्तव)
IQAC समन्वयक
IQAC Co- Ordinator
Late Shri Devi Prasad Ji choubey
Government college GANDAI
Distt.-Rajnandgaon (C.G)

[signature]
(डॉ० एन० एल० [illegible])
Principal
Late Shri Devi Prasad Ji Choubey
Govt. College Gandai
Distt.-Rajnandgaon [C.G.]

# IQAC की बैठक

आज दिनांक 5.3.20 दिन गुरुवार को प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रारंभ होने का समय 3.30 बजे से है। इस बैठक की कार्यवाही विवरण इस प्रकार है:-

(1) सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए नैक मूल्यांकन के लिए महा० का नैक पोर्टल पर पंजीयन शीघ्र करा लिया जावे तथा IIQA भरने तथा SSR की तैयारी के लिए अतिरिक्त प्रयास किया जावे। समन्वय श्री ई०के० श्रीवास्तव ने एजेंडे की जानकारी दी।

(2) बैठक में पूर्व में लिए गए निर्णयों एवं उनके क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। अब तक के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया गया।

(3) बैठक में आगामी वार्षिक परीक्षा में नियमित एवं असहाविद्यालयीन विद्यार्थियों की संख्या तथा ग्रीष्मऋतु को ध्यान रखते महा० के वाटर कूलर का मरम्मत कराये जाने का निर्णय लिया गया।

(4) महा० की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि सी सी टीवी का विस्तार किया जावे।

(5) महाविद्यालय भवन के बिजली की खपत कम करने के लिए LED बल्ब लगाये जाने का निर्णय लिया गया।

PAGE:
Date:

(6) महाविद्यालय परिसर में नगर पंचायत गढ़
के द्वारा ओपन जीम के अन्तर्गत कुछ (1)
उपकरण लगाये गये थे। उनमें से कुछ उपकरण
खराब होने की वजह से नगर पंचायत को (2)
को मरम्मत के लिए पत्र लिखने का (3)
निर्णय लिया गया।

(7) विश्व के कुछ देशों में कोरोना नामक वायरस (4)
से वैश्विक महामारी फैलने की आशंका (5)
जताई जा रही है। अतः इसके लिए
भारत सरकार तथा छ.ग. राज्य सरकार (6)
द्वारा जो मार्गदर्शित किया जावेगा उसका
कड़ाई से पालन करने एवं करवाने का (7)
निर्णय लिया गया।

(8) आगामी सत्र में विद्यार्थियों के प्रवेश के
लिए प्रवेश मार्गदर्शिका का कड़ाई से पालन
करते हुए प्रवेश देने का निर्णय लिया गया।

(9) विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी परीक्षा
परिणाम प्राप्त होने पर इससे संबंधित
रजिस्टर में इसकी प्रविष्टि की जायेगी,
तथा इसका विश्लेषण भी किया जाने
का निर्णय लिया गया।

समिति के समन्वयक श्री ए.के. श्रीवास्तव
ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया
तथा इसके साथ ही बैठक समाप्त हुई।
आज की बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित
रहे।

(1) श्रीमती अनीता चौरसिया - [signature]
क्रीड़ा अधिकारी

(2) श्री टी एल वर्मा - [signature]
सहा०प्राध्या०

(3) श्री आर. के. महोबे - [signature]
सहा०ग्रेड-2

(4) श्री डी. एल. रात्रे - [signature]
प्रयोगशाला तकनीशियन

(5) श्री राजकुमार निर्मलकर - Rajkump
भूतपूर्व छात्र

(6) कुमारी सबीता खान - [signature]

(7) श्री सतीश कुंभकार [signature]

[signature]
(श्री एन. कुमार श्रीवास्तव)
IQAC संयोजक

IQAC Co-Ordinator
Late Shri Devi Prasad Choubey
Government college GANDAI
Distt. Rajnandgaon (C.G.)

(डॉ. एन. के. ...)

Principal
Late Shri Devi Prasad Ji Choubey
Govt. College Gandai
Distt.-Rajnandgaon [C.G.]